Need to upgrade and modernize Dhanbad Radio Station, Jharkhand-Laid

श्री दुलू महतो (धनबाद) : मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि धनबाद शहर में स्थित रेडियो स्टेशन वर्तमान में कम पावर और निम्न आवृत्ति (लो फ्रीक्वेंसी) पर कार्यरत है, जिससे इसका प्रसारण बहुत ही सीमित क्षेत्र तक ही पहुंच पाता है । हालांकि यह रेडियो स्टेशन स्थानीय जनता के लिए उपयोगी है, लेकिन इसकी क्षमता को पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है । इस रेडियो स्टेशन को उच्च स्तरीय और आधुनिक बनाने से इसके प्रसारण क्षेत्र का विस्तार हो सकेगा, जिससे धनबाद के अलावा आसपास के कई जिलों के किसान, कलाकार और आम नागरिक भी इसका भरपूर लाभ उठा सकेंगे । विशेष रूप से, स्थानीय कलाकारों को एक बेहतरीन मंच मिलेगा । इसके अलावा, इस रेडियो स्टेशन के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के "मन की बात" कार्यक्रम को गांव-गांव तक पहुंचाना संभव होगा, जो ग्रामीण जनता के लिए अत्यंत लाभकारी होगा । अतः, मैं माननीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री जी से विनम्र निवेदन करता हूं कि धनबाद रेडियो स्टेशन को उच्च स्तरीय और आधुनिक बनाने के लिए शीघ्र कार्यवाही करें, ताकि यह एक प्रभावशाली और समृद्ध संचार का माध्यम बन सके ।